नागर विमानन मंत्री तथा सूचना और प्रसारण मंत्री (श्री सी. एम. इब्राहीम):

(क) जी, हां।

(ख) ब्यौरा संलग्र विवरण में दिया गया है । (नीचे देखिए)

(ग) जी, हां।

(घ) जी, हां।

(ड़) आशुलिपिकों के शुल्क में संशोधन सबंधी निर्णय अविलम्ब लिया जाएगा।

विवरण

दिनांक 1.6.96 से दूरदशन द्वारा निर्धारित नैमित्तिक कलाकरों की संशोधित दरें

आंध्र प्रदेश में स्थानीय दूरदर्शन केन्द्रों द्वारा समुद्री तूफान की पूर्व चेतावनी

क्र. स.	पद के वेतन एवं ब्यौरे	एक महीने में अधिकतम 10 दिन सौपे कार्य के साथ-साथ प्रति सौपे कार्य का भुगतान
1.	1400-2600/- रू. (प्रस्तुति हायक/ग्राफिक्स सहायक, विडियो/ फिल्म सम्पादक, रूपसज्जा सहायक आदि)	260/- रू.
2.	1400-2300/- रू.(प्रकाश सहायक/ प्रकाश मैंन आदि)	190/- रू.
3.	1200-1800/- रू. (मंच सहायक/फिल्म प्रोजेक्शनिष्ट, बढई, पेंटर, दर्जी आदि)	175/- रू.
4.	950-1500/- रू. (टंकक, सामान्य सहायक, करक्टर जनरेटर आपरेटर)	140/- रू

2530. **डा. वाई. लक्ष्मी प्रसाद**: क्या सूचना और प्रसारण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या आंध्र प्रदेश में हाल ही में आये तूफान के सबंध में पूर्व सूचना की चेतावनी दूरदर्शन के स्थानीय केन्द्रों द्वारा ठीक समय पर प्रसारित की गयी;

(ख) यदि हां, तो उक्त चेतावनी और उसके समयों के संबंध में प्रसारण करने वाले केन्द्रों का ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या कोई ऐसी योजना बनायी गयी है जिससे कि स्थानीय दूरदर्शन केन्द्रों द्वारा हर घन्टे के बाद ऐसी आपदाओं की पूर्व सूचना प्रसारित कि जा सके;

(घ) यदि नही, तो क्या ऐसी योजना की आवश्यकता महसूस नही की गयी है; यदि हां, तो तत्संबंधी योजना का ब्यौरा क्या है, और

(ड़) इस योजना में राज्य सरकारों की क्या भूमिका नियत की गयी है?

नागर विमानन मंत्री तथा सूचना और प्रसारण मंत्री (श्री सी. एम. इब्राहीम): (क) जी, हां ।

(ख) दूरदर्शन केन्द्र, हैदराबाद ने इस प्रयोजनार्थ संलग्र विवरण के अनुसार 15 बुलेटिन प्रसारित किए । (नीचे देखिए)

(ग) चक्रवात की चेतावनी देने सहित विशेष बुलेटिनों की आवृति समय की आवश्यकता पर आधारित होगी ।

(घ) प्रश्न नही उठता ।

(ड़) सामान्यतः विशेष उदघोषणाओं/ प्रसारण हेतु निवेदन राज्य सरकार से भी प्राप्त होते है ।

विवरण

चक्रवाती बुलेटिनों को दर्शाने वाले ब्यौरें का विवरण

दिनांक	विवरण	प्रसारण का समय	अवधि मि. सै.	अभ्युक्ति
03.12.96	चक्रवात चेतावनी बुलेटिनें	12.02.00 से 12.08.00	6.00	
		12.35.32 से 12.41.00	5.30	
		12.54.00 से 12.58.30	4.30	
		14.50.00 से 14.54.00	4.00	
		16.30.00 से 16.31.00	4.00	
		18.07.00 से 18.10.00	3.00	
		19.28.10 से 19.30.00	1.30	
		19.55.00 से 19.57.30	2.30	
		20.25.00 से 20.28.00	3.00	
		22.38.00 से 22.43.00	5.00	
04.12.96	चक्रवात चेतावनी बुलेटिन	12.02.00 से 12.07.00	5.00	
		13.02.00 से 13.07.00	5.00	
		17.25.00 से 17.30.00	5.00	
		20.28.00 से 20.31.00	3.00	
		22.35.10 से 22.38.30	3.20	